DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



## PART – II / भाग – II

## MATHEMATICS / गणित

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**31. In how many ways, 48 small squares of 1 cm × 1 cm can be arranged so that the resulting area is 48 cm$^2$ ?**

(1) 6
(2) 4
(3) 5
(4) 2

**32. In school assembly, students of a class are standing in a line. Ruhi is 19$^{th}$ from both ends. How many students are present in that class ?**

(1) 38
(2) 37
(3) 36
(4) 40

**33. Asmita reaches school for a meeting 15 minutes before 8.30 am. She reached half an hour earlier than her colleague who is 40 minutes late for meeting. What is the scheduled time of the meeting ?**

(1) 8.15 am
(2) 9.10 am
(3) 8.45 am
(4) 8.05 am

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**31. 1 cm × 1 cm वाले 48 छोटे वर्गों को कुल कितने प्रकार से व्यवस्थित किया जा सकता है, कि परिणामिक क्षेत्रफल 48 cm$^2$ हो ?**

(1) 6
(2) 4
(3) 5
(4) 2

**32. विद्यालय की सभा में एक कक्षा के विद्यार्थी एक पंक्ति में खड़े हैं । दोनों सिरों से रुही का 19वाँ स्थान है । उस कक्षा में कुल कितने छात्र उपस्थित हैं ?**

(1) 38
(2) 37
(3) 36
(4) 40

**33. अस्मिता विद्यालय की गोष्ठी में 8.30 am से 15 मिनट पहले पहुँची । वह अपने सहकर्मी से आधा घंटा पहले पहुँची, जो कि गोष्ठी के लिए 40 मिनट की देरी से पहुँचा । गोष्ठी का निर्धारित समय क्या था ?**

(1) 8.15 am
(2) 9.10 am
(3) 8.45 am
(4) 8.05 am

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



34. A number is larger than half of 100. It is more than 6 tens and less than 8 tens. The sum of its digits is 9. The tens digit is the double of the ones digit. What is the number ?

(1) 72
(2) 63
(3) 54
(4) 81

35. The rates of various stationery items are given below :

| | | |
|---|---|---|
| A packet of crayons | – | ₹ 15.50 |
| A packet of pencils | – | ₹ 14.00 |
| A packet of sketch pens | – | ₹ 22.50 |
| One scissors | – | ₹ 17.00 |
| One eraser | – | ₹ 2.00 |
| One sheet of glazed paper | – | ₹ 2.50 |
| A pack of decorative stickers | – | ₹ 5.00 |

Sohail buys one packet of crayons, two packets of pencils, one packet of sketch pens, one scissors, 5 sheets of glazed papers and one pack of decorative stickers. How much would he be required to pay ?

(1) ₹ 98.00
(2) ₹ 86.50
(3) ₹ 100.50
(4) ₹ 102.00

34. एक संख्या 100 के आधे से अधिक है । यह 6 दहाई से अधिक और 8 दहाई से कम है । इसके अंकों का योग 9 है । इसका दहाई का अंक इकाई के अंक का दुगुना है । संख्या क्या है ?

(1) 72
(2) 63
(3) 54
(4) 81

35. विभिन्न स्टेशनरी (लेखन–सामग्री) वस्तुओं की दरें नीचे दी गई हैं :

| | | |
|---|---|---|
| क्रेयान का एक पैकट | – | ₹ 15.50 |
| पेंसिलों का एक पैकट | – | ₹ 14.00 |
| स्केच पेन का एक पैकट | – | ₹ 22.50 |
| एक कैंची | – | ₹ 17.00 |
| एक रबड़ | – | ₹ 2.00 |
| चमकीले कागज की एक परत (शीट) | – | ₹ 2.50 |
| सजावटी स्टिकर का एक पैक | – | ₹ 5.00 |

सोहेल ने एक पैकट क्रेयान, दो पैकट पेंसिल, एक पैकट स्केच पेन, एक कैंची, चमकीले कागज की 5 शीटें और एक पैकट सजावटी स्टिकर खरीदे । उसको कितना भुगतान करना होगा ?

(1) ₹ 98.00
(2) ₹ 86.50
(3) ₹ 100.50
(4) ₹ 102.00

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**36.** **A train starts from Patna on 30th May, 2020 at 23:40 hours and reaches Mumbai on 1st June, 2020 at 5:15 hours. What is the total travel time of train ?**

(1) 28 hours 20 minutes

(2) 29 hours 35 minutes

(3) 29 hours 15 minutes

(4) 28 hours 25 minutes

**37.** **In a five digit number, the digit at the hundreds place is three-fourth of the digit at ten thousands place and the digit at tens place is two-third of the digit at hundreds place. The digit at tens place is square of the smallest prime number and the digit at thousands place is the largest single digit prime number. If the digit at unit place is the largest single digit odd number, then the number is**

(1) 87649

(2) 49327

(3) 83419

(4) 42937

**36.** **एक रेलगाड़ी पटना से 30 मई, 2020 को 23:40 घंटे पर चलती है और मुम्बई 1 जून, 2020 को 5:15 घंटे पर पहुँचती है । रेलगाड़ी की यात्रा का कुल समय कितना है ?**

(1) 28 घंटे 20 मिनट

(2) 29 घंटे 35 मिनट

(3) 29 घंटे 15 मिनट

(4) 28 घंटे 25 मिनट

**37.** **एक पाँच अंकों वाली संख्या में सौवें स्थान का अंक दस हज़ारवें स्थान के अंक का तीन–चौथाई है और दसवें स्थान का अंक सौवें स्थान के अंक का दो–तिहाई है । दसवें स्थान का अंक सबसे छोटी अभाज्य संख्या का वर्ग है और हज़ारवें स्थान का अंक एक अंक वाली सबसे बड़ी अभाज्य संख्या है । यदि इकाई स्थान का अंक सबसे बड़ी एक अंक वाली विषम संख्या है, तो संख्या है**

(1) 87649

(2) 49327

(3) 83419

(4) 42937

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**38.** **What should be subtracted from the sum of 8008, 8088 and 8808 to obtain 17863 ?**

(1) 6121

(2) 6131

(3) 7041

(4) 7141

**39.** **A bucket of 16 litres capacity is filled to the brim with water. Water from this bucket is to be transferred into smaller utensils. A mug filled to capacity has to be dipped 50 times to completely transfer the water in the bucket into the utensils. What is the capacity of the mug ?**

(1) 225 mL

(2) 250 mL

(3) 275 mL

(4) 320 mL

**38.** **17863 पाने के लिए 8008, 8088 और 8808 के योग में से क्या घटाना होगा ?**

(1) 6121

(2) 6131

(3) 7041

(4) 7141

**39.** **16 लीटर धारिता वाली एक बालटी पूर्ण रूप से पानी से भरी हुई है । बालटी के इस पानी को छोटे–छोटे बर्तनों में भरा जाना है । बालटी में भरे समस्त पानी को एक मग (Mug) द्वारा 50 बार पूर्णतया भरकर छोटे–छोटे बर्तनों में स्थानांतरित किया जाता है । मग की धारिता क्या है ?**

(1) 225 mL

(2) 250 mL

(3) 275 mL

(4) 320 mL

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**40.** **A taxi meter shows charges of ₹ 50 for the first two kilometres of journey and ₹ 16 for every subsequent kilometre travelled. Manju pays ₹ 258 as fare to travel from her house to the railway station. How far is the railway station from her home ?**

(1) 12 km
(2) 13 km
(3) 15 km
(4) 18 km

**41.** **The following table shows marks obtained out of 100 by Maria and Shehnaz in five subjects :**

| | Maria | Shehnaz |
|---|---|---|
| English | 74 | 81 |
| Maths | 88 | 78 |
| Social Science | 65 | 77 |
| Hindi | 73 | 72 |
| Science | 90 | 82 |

**Based on the table above identify the correct statement from among the following :**

(1) Maria has scored more marks than Shehnaz in all the subjects except the languages.
(2) Maria has scored more marks than Shehnaz in only two subjects.
(3) Shehnaz's aggregate marks in Maths and Science are more than Maria's aggregate marks in these subjects.
(4) The aggregate marks of Maria and Shehnaz are equal.

**40.** **एक टैक्सी का मीटर पहले 2 किलोमीटर की यात्रा के लिए ₹ 50 का भाड़ा दिखाता है और उसके बाद प्रति किलोमीटर की यात्रा के लिए ₹ 16 का भाड़ा दिखाता है । मंजू ने अपने घर से रेलवे स्टेशन तक की यात्रा के लिए ₹ 258 किराया दिया । उसके घर से रेलवे स्टेशन की दूरी कितनी है ?**

(1) 12 km
(2) 13 km
(3) 15 km
(4) 18 km

**41.** **निम्नलिखित तालिका मारिया और शहनाज़ द्वारा 100 में से प्राप्त पाँच विषयों के अंक दर्शाती है :**

| | मारिया | शहनाज़ |
|---|---|---|
| अंग्रेज़ी | 74 | 81 |
| गणित | 88 | 78 |
| सामाजिक विज्ञान | 65 | 77 |
| हिंदी | 73 | 72 |
| विज्ञान | 90 | 82 |

**ऊपर दी गई तालिका के आधार पर निम्नलिखित में से सही कथन को पहचानिए :**

(1) भाषाओं को छोड़कर, मारिया ने शहनाज़ से प्रत्येक विषय में अधिक अंक प्राप्त किए हैं ।
(2) मारिया ने शहनाज़ से केवल दो विषयों में अधिक अंक प्राप्त किए हैं ।
(3) गणित और विज्ञान में शहनाज़ के कुल प्राप्तांक इन विषयों में मारिया के कुल प्राप्तांक से अधिक हैं ।
(4) मारिया और शहनाज़ के कुल प्राप्तांक समान हैं ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**42.** **Which of the following is a desirable teaching-learning practice in the context of Mathematics ?**

(1) Open ended questions should be avoided to prevent confusion.

(2) Intuitive understanding of concepts should be encouraged.

(3) Open book tests should be avoided.

(4) Students should be told to follow the prescribed steps of solving problems.

**43.** **Following are some questions posed by the teacher in the mathematics classroom :**

**A.** **What is the area of the rectangle whose one side is 5 cm and perimeter is 30 cm ?**

**B.** **Find a set of numbers whose median is 4.**

**C.** **List all prime numbers between 0−8.**

**D.** **Tell me anything mathematical information you know about rectangles.**

(1) A & B are closed ended questions and C & D are open ended questions.

(2) A, B & C are closed ended and D is open ended question.

(3) A is closed ended and B, C & D are open ended questions.

(4) A & C are closed ended and B & D are open ended questions.

**42.** **गणित के शिक्षण–अधिगम संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्रिया वांछनीय है ?**

(1) भ्रांति को रोकने के लिए मुक्त उत्तर वाले (ओपन एन्डेड) प्रश्नों से बचना चाहिए ।

(2) संकल्पनाओं की अंतर्दर्शी समझ को प्रोत्साहित करना चाहिए ।

(3) खुली पुस्तक परीक्षा से बचना चाहिए ।

(4) विद्यार्थियों को बताना चाहिए कि प्रश्नों को हल करने के लिए निर्धारित कदमों का अनुकरण करें ।

**43.** **गणित के कक्षा कक्ष में अध्यापक ने निम्नलिखित कुछ प्रश्न प्रस्तुत किए :**

**A.** **उस आयत का क्या क्षेत्रफल है, जिसकी एक भुजा 5 cm और परिमाप 30 cm है ?**

**B.** **उन संख्याओं का समुच्चय ज्ञात कीजिए जिनका माध्यक 4 है ।**

**C.** **0−8 के मध्य सभी अभाज्य संख्याओं की सूची बनाइए ।**

**D.** **आयतों के बारे में आपको जो भी गणितीय जानकारी है, मुझे बताइए ।**


(1) A व B बंद सिरे के प्रश्न हैं और C व D मुक्त सिरे वाले प्रश्न हैं ।

(2) A, B व C बंद सिरे वाले प्रश्न हैं और D मुक्त सिरे वाला प्रश्न है ।

(3) A बंद सिरे वाला प्रश्न है और B, C व D मुक्त सिरे वाले प्रश्न हैं ।

(4) A व C बंद सिरे वाले प्रश्न हैं और B व D मुक्त सिरे वाले प्रश्न हैं ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**



DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**44. Which of the following is least likely to impact teaching-learning in mathematics ?**

(1) Enhanced quality of feedback

(2) Using results of assessment to modify teaching

(3) Knowing ways in which assessment affected the confidence of learners.

(4) Providing complete solutions to students' wrong answers.

**45. Rohit realises that square is both a rhombus and a rectangle. He is at what stage of Van Hiele's visual thinking ?**

(1) Level 0 (Recognition)

(2) Level 1 (Analysis)

(3) Level 2 (Relationships)

(4) Level 3 (Deduction)

**44. गणित के शिक्षण–अधिगम पर निम्नलिखित में से किसका प्रभाव होने की संभावना न्यूनतम है ?**

(1) प्रतिपुष्टि की गुणवत्ता में वृद्धि ।

(2) मूल्यांकन के परिणामों के प्रयोग से शिक्षण में परिवर्तन करना ।

(3) मूल्यांकन के कारण छात्रों के आत्मविश्वास पर प्रभाव पड़ने के तरीकों की जानकारी होना ।

(4) छात्रों के गलत उत्तरों के पूरे हल देना ।

**45. रोहित ने अनुभव किया कि वर्ग एक समचतुर्भुज और एक आयत, दोनों ही है । वह वैन हील के मानस चिंतन के कौन से चरण पर है ?**

(1) स्तर 0 (पहचानना)

(2) स्तर 1 (विश्लेषण)

(3) स्तर 2 (संबंध)

(4) स्तर 3 (निगमन)

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**46.** **"The sum of any two whole numbers is a whole number."**

**This property of whole numbers is referred to as**

(1) closure property

(2) commutative property

(3) associative property

(4) distributive property

**47.** **Which of the following statements regarding mathematics teaching-learning is <u>incorrect</u> ?**

(1) Mathematical learning is a social process involving dialogue.

(2) Culture and context has no role in constructing mathematical knowledge.

(3) Mathematical knowledge can be created in primary class students through observation of pattern and generalisations.

(4) Argumentation and negotiation play an important role in creating mathematical knowledge.

**46.** **"किन्हीं दो पूर्ण संख्याओं का योग एक पूर्ण संख्या होता है ।"**

**पूर्ण संख्याओं के इस गुण को इस प्रकार उल्लेखित किया जाता है :**

(1) संवरक गुण

(2) क्रमविनिमेय गुण

(3) साहचर्य गुण

(4) वितरण गुण

**47.** **गणित के शिक्षण–अधिगम के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य <u>नहीं</u> है ?**

(1) गणितीय अधिगम एक सामाजिक प्रक्रिया है जिसमें संवाद सम्मिलित है ।

(2) गणितीय ज्ञान की रचना में संस्कृति और संदर्भों की कोई भूमिका नहीं है ।

(3) नमूनों के अवलोकन और सामान्यीकरण से प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों में गणितीय ज्ञान का सर्जन किया जा सकता है ।

(4) गणितीय ज्ञान के सर्जन में तर्क और वार्ता की एक महत्त्वपूर्ण भूमिका है ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**48.** **Which of the following statements is/are true regarding teaching 'Numbers' at primary level ?**

**A.** **Intuitive understanding of numbers should be encouraged.**

**B.** **Writing numbers should be taught in sequence.**

**C.** **Writing of numbers as Numerals should preceed counting.**

**D.** **Order irrelevance of numbers should be encouraged.**

(1) A and B

(2) B and C

(3) A and D

(4) C and D

**49.** **Which of the following is the most important aspect of teaching of mathematics at primary level ?**

(1) Making mathematics part of children's life experiences.

(2) Developing rigour in calculations.

(3) Preparing for higher education and employment.

(4) Promoting and preparing for technology.

**48.** **प्राथमिक स्तर पर 'संख्याओं' को पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं ?**

**A.** **संख्याओं की अंतर्दर्शी समझ को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।**

**B.** **संख्यांकों को लिखना अनुक्रम में पढ़ाना चाहिए।**

**C.** **गणना से पहले संख्याओं को संख्यांक रूप में लिखना सिखाना चाहिए।**

**D.** **संख्याओं में अनुक्रम असंगति को प्रोत्साहित करना चाहिए।**

(1) A और B

(2) B और C

(3) A और D

(4) C और D

**49.** **प्राथमिक स्तर पर गणित पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा पहलू अत्यंत महत्त्वपूर्ण है ?**

(1) गणित को बच्चों के जीवन के अनुभवों का भाग बनाना।

(2) परिकलन में परिशुद्धता विकसित करना।

(3) उच्चतर पढ़ाई और रोज़गार के लिए तैयार करना।

(4) प्रौद्योगिकी के लिए प्रोत्साहन और तैयारी कराना।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**50.** **Which of the following activities is most likely to develop spatial reasoning among students ?**

(1) Identifying patterns in a number-chart

(2) Solving Sudoku puzzles

(3) Identifying tessellating figures

(4) Drawing bar graphs to represent data

**51.** **Which of the following is most suitable for teaching children the concept of fractions ?**

(1) Abacus

(2) Geoboards

(3) Number charts

(4) Cuisenaire rods

**52.** **Which of the following statements is NOT correct with regard to nature of mathematics ?**

(1) Argumentation skill is important in construction of mathematical knowledge.

(2) Mathematical concepts are hierarchical in nature.

(3) Primary level mathematics is concrete and does not require abstraction.

(4) Mathematics uses special vocabulary to communicate ideas precisely.

**50.** **निम्नलिखित क्रियाकलापों में से किससे विद्यार्थियों में त्रिविम विवेचन (दिक्स्थान की समझ) विकसित होने की सर्वाधिक संभावना है ?**

(1) एक संख्या चार्ट में नमूने को पहचानना ।

(2) सूडोकू पहेली को हल करना ।

(3) चौपड़ आकृतियों को पहचानना ।

(4) आँकड़ों को निरूपित करने के लिए दण्ड आलेख खींचना ।

**51.** **बच्चों को भिन्न की संकल्पना पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से क्या अत्यंत उपयुक्त है ?**

(1) गिनतारा

(2) जियोबोर्ड

(3) संख्या चार्ट

(4) क्विज़िनेयर छड़ें

**52.** **गणित की प्रकृति के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?**

(1) गणितीय ज्ञान की संरचना में तर्क कौशल महत्त्वपूर्ण है ।

(2) गणितीय संकल्पनाओं की प्रकृति श्रेणीबद्ध है ।

(3) प्राथमिक स्तर पर गणित प्रत्यक्ष है और कल्पना की आवश्यकता नहीं है ।

(4) गणित में विचारों के सही संचारण के लिए विशेष शब्दावली का प्रयोग होता है ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**53. In which of the following statements, number 'three' is used in ordinal sense ?**

(1) I live on the third floor of this building.

(2) This house has three rooms.

(3) All groups have three team members.

(4) This box contains many sets of three pencils.

**54. Identify the correct statement.**

(1) If two figures have same area, their perimeters are equal.

(2) If two figures have same perimeter, their areas are equal.

(3) The units of perimeter and area are same.

(4) The shape of figure determines the perimeter.

**53. निम्नलिखित कथनों में से किसमें संख्या तीन का प्रयोग क्रमसूचक भाव में हुआ है ?**

(1) मैं इस इमारत की तीसरी मंजिल पर रहता हूँ ।

(2) इस घर में तीन कमरे हैं ।

(3) प्रत्येक समूह में तीन टीम सदस्य हैं ।

(4) इस डिब्बे में तीन पेंसिलों के कई समूह हैं ।

**54. शुद्ध कथन को पहचानिए :**

(1) यदि दो आकृतियों का क्षेत्रफल समान है, तो उनका परिमाप समान होगा ।

(2) यदि दो आकृतियों का परिमाप समान है, तो उनका क्षेत्रफल समान होगा ।

(3) परिमाप और क्षेत्रफल का मात्रक समान होता है ।

(4) किसी आकृति का आकार उसके परिमाप का निर्धारण करता है ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**55. Identify the correct statement with respect to the mathematics curriculum.**

(1) The foundation of algebraic thinking can be laid at primary level.

(2) The concept of fractions should be introduced only at upper primary level.

(3) The concept of negative numbers should be introduced at primary level for better understanding.

(4) The concept of area-measurement should be introduced only at upper primary level.

**56. Identify the correct statement with regard to introducing the concept of triangles at primary level.**

(1) Definition of a triangle should be provided first.

(2) Children should only be exposed to equilateral triangles to avoid confusion.

(3) Children should be exposed to triangles of all types but exposure to other figures should be avoided.

(4) Children should be exposed to triangles of all types and also to other figures.

**55. गणितीय पाठ्यक्रम के संबंध में शुद्ध कथन को पहचानिए ।**

(1) बीजगणितीय विचारों की नींव प्राथमिक स्तर पर डाली जा सकती है ।

(2) भिन्नों की संकल्पना का परिचय केवल उच्च प्राथमिक स्तर पर देना चाहिए ।

(3) समझ को बेहतर करने के लिए ऋणात्मक संख्याओं की संकल्पनाओं का परिचय प्राथमिक स्तर पर देना चाहिए ।

(4) क्षेत्रफल–मापन की संकल्पना का परिचय केवल उच्च प्राथमिक स्तर पर देना चाहिए ।

**56. प्राथमिक स्तर पर त्रिभुजों की अवधारणा का परिचय देने के संबंध में शुद्ध कथन को पहचानिए ।**

(1) सबसे पहले त्रिभुज की परिभाषा दे दी जानी चाहिए ।

(2) संभ्रांति से बचाने के लिए बच्चों को केवल समबाहु त्रिभुज ही प्रस्तुत कराने चाहिए ।

(3) बच्चों के समक्ष विभिन्न प्रकारों के त्रिभुज प्रस्तुत किए जाने चाहिए परन्तु अन्य आकृतियों से दूर रखना चाहिए ।

(4) बच्चों के समक्ष सभी प्रकार के त्रिभुज व अन्य आकृतियाँ भी प्रस्तुत करानी चाहिए ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



57. In a division sum, the divisor is 5 times the quotient and twice the remainder. If the remainder is 5, what is the number ?

(1) 52

(2) 15

(3) 25

(4) 48

57. एक विभाजन के प्रश्न में भाजक, भागफल का 5 गुना है और शेषफल का दुगुना है । यदि शेषफल 5 है, तो संख्या क्या है ?

(1) 52

(2) 15

(3) 25

(4) 48

58. The sum of five consecutive numbers is 20. What is the sum of first three consecutive numbers ?

(1) 5

(2) 9

(3) 11

(4) 12

58. पाँच क्रमागत संख्याओं का योग 20 है । प्रथम तीन क्रमागत संख्याओं का योग क्या है ?


(1) 5

(2) 9

(3) 11

(4) 12

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह



DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



59. A wire in the form of a square encloses an area of 144 $cm^2$. How much area is enclosed if the same wire is bent in the form of a rectangle of length 16 cm ?

(1) 124 $cm^2$

(2) 48 $cm^2$

(3) 128 $cm^2$

(4) 96 $cm^2$

60. Amongst the following fractions, the largest and second largest fractions, respectively are

$$\frac{5}{6}, \frac{3}{4}, \frac{1}{2}, \frac{2}{3}, \frac{3}{5}$$

(1) $\frac{5}{6}$ and $\frac{3}{4}$

(2) $\frac{5}{6}$ and $\frac{3}{5}$

(3) $\frac{3}{5}$ and $\frac{2}{3}$

(4) $\frac{3}{4}$ and $\frac{1}{2}$

59. एक वर्ग के रूप में तार 144 $cm^2$ का क्षेत्रफल घेरती है । यदि इसी तार को एक आयत के रूप में मोड़ा जाए जिसकी लम्बाई 16 cm है, तो कितना क्षेत्रफल घेरा जाएगा ?

(1) 124 $cm^2$

(2) 48 $cm^2$

(3) 128 $cm^2$

(4) 96 $cm^2$

60. निम्नलिखित भिन्नों में से सबसे बड़ी और दूसरी सबसे बड़ी भिन्न क्रमशः हैं :

$$\frac{5}{6}, \frac{3}{4}, \frac{1}{2}, \frac{2}{3}, \frac{3}{5}$$

(1) $\frac{5}{6}$ और $\frac{3}{4}$

(2) $\frac{5}{6}$ और $\frac{3}{5}$

(3) $\frac{3}{5}$ और $\frac{2}{3}$

(4) $\frac{3}{4}$ और $\frac{1}{2}$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

